खण्ड-14

संख्या-18

# दशम् बिहार विधान-सभा

## विधान-सभा वादवृत्त

### भाग -1

### कार्यवाही प्रश्नोंत्तर

शुक्रवार, तिथि 22 जुलाई, 1994 ई०

गया है । अब वहां कोई नुकसान नहीं हो रहा है, वहां के सौंदर्यीकरण और पर्यटकों को कोई बाधा नहीं ही रही है ।

**श्री राजीव प्रताप सिंह** :- महोदय, क्या यह बात सही है कि जापान सरकार ने 200 करोड़ रूपया बुद्धा सरकिट के विकास के लिए दिया था और उस पैसे का ठीक से व्यय नहीं करने के कारण 100 करोड़ रूपये का कटौती किया गया है ?

**श्री जगदानन्द सिंह** :- महोदय, कहां से गलत सूचनाएं प्राप्त कर लेते हैं । महोदय, भारत सरकार और जापान सरकार, बिहार सरकार की प्रशंसा कर रही है कि पहली बार बुद्धा सरकिट पर इतना ध्यान दिया गया है । महोदय, उत्तर प्रदेश से 20 प्रतिशत काम आगे चल रहा है बिहार में । महोदय, एक पैसे की कटौती नहीं की गई है । बल्कि पैसा बढ़ा दिया गया है, बिहार सरकार के काम को देखकर ।

## अल्पसूचित प्रश्न संख्या-69 के संबंध में चर्चा

**श्री तुलसी सिंह** :- अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न ग्रामीण विकास विभाग को स्थनान्तरित हो गया है ।

**श्रीमती वीणा शाही** :- अध्यक्ष महोदय, उसमें ग्रामीण विकास विभाग को क्या करना है ? गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का सवाल मेरा था ।

**श्री तुलसी सिंह** :- अध्यक्ष महोदय, ग्रामीण विकास विभाग का ही मामला है । उससे जवाब मिल जायगा ।

**श्रीमती वीणा शाही** :- अध्यक्ष महोदय, आधा जवाब तो योजना विभाग से संबंधित है ।

**श्री तुलसी सिंह** :- अध्यक्ष महोदय, गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का सारा कार्यक्रम ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चलता है । इसलिये वही विभाग जवाब देगा ।

**श्रीमती वीणा शाही** :- अध्यक्ष महोदय, यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण है । राज्य की 8 करोड़ 64 लाख की आबादी में 3 करोड़ 54 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे हैं । मंत्री जी को इसका जवाब देना चाहिये, जवाब दें ।

**श्री तुलसी सिंह** :- अध्यक्ष महोदय, योजना विभाग सभी विभाग को पैसा देता है, लेकिन हर विभाग का काम बंटा हुआ है । ट्रायसम से लेकर अन्य कार्यक्रम भी ग्रामीण विकास विभाग द्वारा होता है । इसलिये इस प्रश्न का जवाब ग्रामीण विकास विभाग देगा । जवाब तो देना ही है । ग्रामीण विकास विभाग इस प्रश्न का जवाब देगा ।

**अध्यक्ष** :- मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग इसका उत्तर कब देंगे ?

**श्री तुलसी सिंह** :- अगले तारीख को देखें ।

**अध्यक्ष** :- इस प्रश्न का जवाब 27 जुलाई को मिलेगा ।

माननीय मंत्री, अपने पदाधिकारियों को निर्देश दें **कि** इस प्रश्न का उत्तर तैयार रहना चाहिये और 27 तारीख को इसका उत्तर रहना चाहिये ।

## प्रश्न सं0- 404 के संबंध में चर्चा

**श्री रमेन्द्र कुमार** :- महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । नहीं व्यवस्था का प्रश्न है 20 जुलाई को जल संसाधन विभाग से संबंधित प्रश्न संख्या 404 पुट हुआ था, और सरकार की ओर से, और आसन की ओर से यह कहा गया था कि इसका उत्तर 22 तारीख को सरकार देगी । लेकिन महोदय, आज की कार्यसूचि में यह प्रश्न लिस्टेड नहीं है । महोदय, कृपया इसका उत्तर सरकार से दिलवाया जाये । यह प्रश्न 20 जुलाई का है, और सरकार ने 22 तारीख को जवाब देने के लिए कहा था ।

**अध्यक्ष** :- वो 27 तारीख को रखा गया है ।